# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.11.2025 समय : 1905

<><><><><><><><>

1. कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 25 लाख से अधिक लोगों ने अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए चेहरा पहचान प्रणाली अपनाई है।
2. गुरु नानक जयंती पूरे देश के साथ द्वीप समूह में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।
3. मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने भारत समुद्री सप्ताह पर एक विशेष संस्करण न्यूज़लेटर जारी किया।
4. आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से भूकंप और सुनामी पर अंतर–राज्यीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

<><><><><><><><><><>

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि 25 लाख से अधिक लोगों ने अपना डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाने के लिए चेहरा पहचान प्रणाली–फेस ऑथेंटिकेशन अपनाई है। नई दिल्ली में चौथे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान के शुभारंभ अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि इस पहल को मंगोलिया और मालदीव सहित कई देशों ने सराहा है। उन्होंने बताया कि यह अभियान इस महीने के अंत तक चलेगा।

<><><><><><><><><><>

गुरू नानक देव की आज पांच सौ छप्पनवीं जयंती है। गुरू परब के नाम से चर्चित गुरू नानक जयंती आज पूरे देश के साथ द्वीप समूह में भी मनाई जा रही है। गुरु

नानक देव सिख धर्म के दस गुरूओं में पहले गुरू होने के साथ ही सिख धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने ईश्वर एक है का संदेश दिया। उनका जीवन, समानता, ईमानदारी, दयालुता, सत्य और प्रेम की शिक्षा देता है। कार्तिक पूर्णिमा पर प्रत्येक वर्ष गुरू परब मनाया जाता है। यह सिख धर्म के सबसे पावन त्यौहरों में से एक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरू नानक जयंती पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने हाल ही में रंगत का दौरा किया। इस दौरान राष्ट्रीय मिशन प्रबंधक, जुई भट्टाचार्य और राष्ट्रीय प्रवक्ता, शिवाजी चौधरी ने स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और क्लस्टर स्तरीय संघ स्तरों पर विभिन्न राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने सामूहिक कार्रवाई और उद्यम विकास के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपनी आय–सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में सुधार लाने के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर, रंगत के खंड विकास अधिकारी प्रदीप कुमार सिंह ने ग्रामीण महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे निरंतर प्रयासों पर अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के खंड परियोजना अधिकारी कार्यालय की ओर से हाल ही में "मुझे मेरी क्षमताओं से जानो, मेरी अक्षमता से नहीं", थीम के साथ विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए प्रथम ब्लॉक स्तरीय समावेशी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समावेशिता की भावना को बढ़ावा

देना और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को खेलों और शारीरिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रोत्साहित करना था। यह कार्यक्रम समग्र शिक्षा के अंतर्गत, भारतीय पुनर्वास परिषद और फिट इंडिया मूवमेंट के सहयोग से आयोजित किया गया।

इसी प्रकार की ब्लॉक स्तरीय समावेशी खेलकूद प्रतियोगिता कार निकोबार के बिशप जॉन रिचर्डसन स्टेडियम में भी आयोजित की गई।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने हाल ही में मुंबई में आयोजित भारत समुद्री सप्ताह पर एक विशेष संस्करण न्यूज़लेटर जारी किया। अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा प्रकाशित यह प्रकाशन, राष्ट्रीय कार्यक्रम में द्वीप समूह की सशक्त भागीदारी को दर्शाता है, जिसमें प्रमुख चर्चाओं, प्रमुख परियोजनाओं और बंदरगाहों, जहाजरानी, पर्यटन और मत्स्य पालन में निवेश के अवसरों पर प्रकाश डाला गया है। न्यूज़लेटर जारी करते हुए, मुख्य सचिव ने भारत के समुद्री क्षेत्र को आगे बढ़ाने में द्वीप समूह के रणनीतिक महत्व पर ज़ोर दिया। यह न्यूज़लेटर प्रशासन द्वारा IMW 2025 के दौरान प्रदर्शित की गई प्रमुख पहलों का दस्तावेजीकरण करता है, जिनमें ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना, डिगलीपुर में प्रस्तावित जहाज मरम्मत केंद्र, मायाबंदर में एकीकृत मछली पकड़ने का बंदरगाह, मछली पकड़ना और द्वीपों को एक क्रूज और डाइविंग पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजनाएँ शामिल हैं।

<><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से कल द्वीप समूह में भूकंप और सुनामी पर एक अंतर–राज्यीय मॉक आपदा प्रबंधन अभ्यास का आयोजन किया गया। यह

अभ्यास राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, हैदराबाद, अंडमान निकोबार कमान, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल, जिला प्रशासन और द्वीप समूह के अन्य आपातकालीन सहायता अधिकारियों के समन्वय से आयोजित किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य घटना प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण करना और सभी हितधारकों की तैयारी के स्तर का आकलन करना था। अभ्यास के दौरान सुनामी सायरन बजाए गए। अलर्ट और चेतावनियाँ जारी की गईं। श्री विजयपुरम स्थित आपदा प्रबंधन भवन के सम्मेलन कक्ष में एक नियंत्रण केंद्र स्थापित किया गया था। आपदा प्रबंधन सचिव पूर्वा गर्ग, निदेशक राकेश दास, और अन्य अधिकारियों ने आपदा प्रबंधन निदेशालय के नियत्रंण केन्द्र से अंतर–राज्य स्तरीय मॉक अभ्यास की निगरानी की। दक्षिण अंडमान में, श्री विजयपुरम, स्वराज द्वीप और लिटिल अंडमान तहसीलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी प्रकार, मध्योत्तर अंडमान और निकोबार जिलों के विभिन्न स्थानों पर भी मॉक ड्रिल आयोजित किए गए।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग, की ओर से पिछले दिनों लिटिल अंडमान के आर.के. पुर पंचायत भवन, में कृत्रिम गर्भाधान तकनीकों पर एक जागरूकता–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों, स्थानीय सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में कृत्रिम गर्भाधान और पशुधन उत्पादकता में सुधार लाने पर जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने

कृत्रिम गर्भाधान तकनीक का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लोगों को पशुधन और मुर्गी पालन के लिए आवश्यक दवाइयाँ भी वितरित की गई।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से खेल एवं युवा मामले विभाग और सूचना, प्रचार एवं पर्यटन विभाग के सहयोग से 9 नवंबर को सुबह 6 बजे साइकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह साइकिल यात्रा, फिट इंडिया और स्वच्छ एवं हरित द्वीप अभियान के अंतर्गत पर्यावरण–पर्यटन, स्वास्थ्य पर्यटन और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए प्रशासन की व्यापक पहल का एक हिस्सा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस, सतत गतिशीलता और पर्यावरण–अनुकूल परिवहन साधनों को अपनाने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह साइकिल यात्रा राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल से शुरू होगी और वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र, फीनिक्स बे पावर हाउस, मेगापोड चौक और चाथम थाना सहित शहर के प्रमुख स्थलों से होते हुए उसी मार्ग से नेताजी स्टेडियम के मुख्य द्वार पहुंचकर सम्पन्न होगी। इच्छुक प्रतिभागी शारीरिक शिक्षक नागेश राव से संपर्क कर अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं।

<><><><><><><>

फिडे शतरंज विश्व कप 2025 उत्तर गोवा में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में लगभग अस्सी देशों के दो सौ छह शीर्ष शतरंज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। तेईस वर्ष बाद भारत में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता छब्बीस नवम्बर तक चलेगी। शीर्ष तीन विजेताओं को अगले वर्ष के कैन्डिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने का अवसर मिलेगा। द्वीपसमूह के बी. नीलैया, फिडे विश्व कप 2025 में सहायक निर्णायक के रूप में कार्यरत हैं।

<><><><><><><>

भारतीय सेना की ओर से कल बैफल रेंज में छोटे हथियारों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर 1 बजे तक होगा।

<><><><><><><>